# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

**ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**

**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## 2024-25ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ-2

## S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER-2 – 2024-25

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61-H** **Subject Code : 61-H**

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ ] [ Time : 3 Hours

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : **80** ] [ Max. Marks : **80**

---

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. 'मिलना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) मिलाना (B) मिलावट

(C) मिलवाना (D) मिलन

2. 'लेखक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) लेख (B) लिखाई

(C) लेखिका (D) कवयित्री

3. 'विश्वास' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) उम्मीद (B) अविश्वास

(C) भरोसा (D) विशेष

4. 'कहानी' शब्द का बहुवचन है –

(A) कहानीकार (B) कथाएँ

(C) कविताएँ (D) कहानियाँ

5. आप कहाँ जा रहे हैं – वाक्य के लिए उचित विराम चिह्न है –

(A) प्रश्नवाचक (B) विस्मयादिबोधक

(C) पूर्ण विराम (D) योजक

6. निम्नलिखित शब्दों में से दीर्घ संधि का उदाहरण है –

(A) नयन (B) गणेश

(C) समानाधिकार (D) एकैक

7. कर्नाटक ... राजधानी बेंगलूरु है । वाक्य के लिए उचित कारक चिह्न है –

(A) को (B) की

(C) पर (D) से

8. 'महात्मा' शब्द किस समास का उदाहरण है ?

(A) द्वंद्व (B) कर्मधारय

(C) द्विगु (D) तत्पुरुष

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :**

**4 × 1 = 4**

9. गिल्लू : रेखाचित्र : : कश्मीरी सेब : .................

10. बसंत की सच्चाई : एकांकी : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ...............

11. मकान की छत : मछली की पीठ : : मकान के स्तंभ : .................

12. पाप का मूल : अभिमान : : धर्म का मूल : .....................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पाई है ?

14. दोनों दोस्त जंगल की ओर क्यों गये ?

15. हमें किस उम्र में अच्छी आदतें डालनी है ?

16. यशोदा का रंग कैसा था ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. लेखक ने दूकानदार को क्षमा के योग्य क्यों नहीं माना ?

18. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?

19. कलेक्टर ने बच्चों की तारीफ क्यों की ?

20. लेखक ने मंत्री को क्या समझाया ?

21. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

22. बालकृष्ण अपनी माता से क्या–क्या शिकायतें करता है ?

23. शनि का वायुमंडल किन–किन गैसों से बना है ?

**अथवा**

शनि के उपग्रहों के बारे में लिखिए ।

24. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

**अथवा**

मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. गिल्लू के कार्य–कलाप के बारे में लिखिए ।

26. जलालुद्दीन ने अब्दुल कलाम जी को बाहरी दुनिया का बोध कैसे कराया ?

27. 'सोशल नेटवर्किंग' एक कांतिकारी खोज है ।'' इस कथन का समर्थन अपने शब्दों में लिखिए ।

28. कविता में भारतमाता का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

29. कवि के अनुसार मनुष्य की भौतिक साधना का वर्णन कीजिए ।

30. बचेंद्री पाल ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ?

31. कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन कीजिए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

''मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक ।
पालै–पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।''

33. निम्नलिखित वाक्य का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी भाषा में कीजिए :

कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं । इसलिए कर्नाटक को 'चंदन का आगार' कहा जाता है । यहाँ चंदन का तेल, साबुन तथा कलाकृतियाँ बनाई जाती हैं ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. बसंत की ईमानदारी का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

पं० राजकिशोर के मानवीय गुणों का परिचय दीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता एक ............................

...............................................

...............................................

................................ भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4**

36. मनुष्य सामाजिक प्राणी है । वह सभी कार्य आपने–आप नहीं कर सकता है । वह दूसरों की सहायता लेता है । समाज में उसे अच्छे लोगों के साथ–साथ बुरे लोग भी मिलते हैं । यदि वह अच्छे लोगों की संगति में रहेगा तो, उस पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा । बुरे लोगों की संगति

का बुरा प्रभाव पड़ता है । बुरे लोग स्वयं अपनी हानि करते हैं और समाज को भी नुकसान पहुँचाते हैं । मनुष्य को चाहिए कि वह अच्छे लोगों के साथ उठे-बैठे और अच्छा फल प्राप्त करे ।

(अ) मनुष्य कैसा प्राणी है ?

(आ) समाज में किस तरह के लोग रहते हैं ?

(इ) अच्छे लोगों की संगति से क्या होता है ?

(ई) बुरे लोगों से समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :**

**1 × 4 = 4**

37. (क) **मोबाइल**

* प्रस्तावना
* लाभ
* हानियाँ
* उपसंहार ।

(ख) **जनसंख्या की समस्या**

* प्रस्तावना
* वृद्धि के कारण
* परिणाम व उपचार
* उपसंहार ।

(ग) **समय का महत्व**

* प्रस्तावना
* समय का सदुपयोग
* महत्व
* उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

38. अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए पिताजी को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

चरित्र प्रमाण पत्र की माँग करते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।